टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, शुक्रवार, 13 फरवरी 2026

एक नजर में

9 मार्च तक होगी सुरक्षा गार्ड की भर्ती

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु एवं निवाड़ी जिले में 9 फरवरी से 9 मार्च तक सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है।

12 फरवरी को जनपद पंचायत निवाडी में, 13 फरवरी को सीएलएफ कार्यालय जैरोन में, 14 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय नेंगुआ में, 16 फरवरी को जनपद पंचायत पृथ्वीपुर में, 17 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय लारोन में, 18 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय बम्होरीकला में, 19 फरवरी को जनपद पंचायत पलेरा में 20 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय भेलसी में, 21 फरवरी को साधना सीएलएफ हटा में भर्ती कैंपो का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही 23 फरवरी को नगर परिषद खरगापुर में, 24 फरवरी को जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में, 25 फरवरी को ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में, 26 फरवरी को सीएलएफकार्यालय दिगौड़ा में, 27 फरवरी को जनपद पंचायत जतारा में, 28 फरवरी को सीएलएफकार्यालय बडागांव में होगा।

दो अलग-अलग स्थानों पर मारपीट के मामले आए सामने

दोनों घटनाओं में कई लोग हुए गंभीर घायल

कोतवाली पुलिस ने दोनों आवेदन लेकर की जांच शुरू

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

गुरूवार को शहर के दो अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाओं के मामले सामने आए है। दोनों मामलों के शिकायती आवेदनों के आधार पर पुलिस विवेचना कर रही है। विवेचना उपरांत पुलिस आगे की कार्यवाही को अंजाम देगी। जिसमें पहले मामले में पपौरा चौराहा स्थित जैन मंदिर के पास सीढ़ियों के निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना गुरुवार दोपहर की है। इसी प्रकार कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 में एक युवक के साथ सरेआम मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग युवक को पीटते हुए दिख रहे हैं।

शहर में एक विवाद पपौरा चौराहा पर स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर और पुरानी बस्ती के बीच हुआ। जैन समाज की ओर से गुरुवार को मंदिर की सीढ़ियों का निर्माण कराया जा रहा था। मोहल्ले के लोगों ने इसका विरोध किया क्योंकि उनका आरोप था कि इससे आम रास्ता बाधित हो रहा है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और फिर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से ऋषभ ऋषि और अभिषेक जैन घायल हुए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से राकेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, बृजकिशोर तिवारी, अभय तिवारी और सविता तिवारी को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी घटना में शुरुआती मारपीट की वजह लड़की से छेड़खानी बताई जा रही है। हालांकि, मोहल्ले के कुछ लोगों का कहना है कि यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। लड़की के परिवार वाले इस रिश्ते से नाराज थे। बताया जा रहा है कि युवक गुरुवार को लड़की के घर के आसपास घूम रहा था।

आम रास्ता बाधित को लेकर उपजा विवाद

पहली घटना पपौरा चौराह की है जिसमें मोहल्ले के लोगों ने इसका विरोध किया क्योंकि उनका आरोप था कि इससे आम रास्ता बाधित हो रहा है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और फिर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से ऋषभ ऋषि और अभिषेक जैन घायल हुए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से राकेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, बृजकिशोर तिवारी, अभय तिवारी और सविता तिवारी को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी रविभूषण पाठक ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर विवेचना की जा रही है।

बीच-बचाव कर कराया मामला शांत

दूसरी घटना में लड़की के परिजनों लड़के को पकड़ लिया और सरेआम पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। वायरल वीडियो में कुछ महिलाएं भी दिख रही हैं, जो युवक को बचाने का प्रयास कर रही थीं। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ की है, जो कि मुस्लिम समुदाय से संबंधित हैं। फिलहाल किसी भी पक्ष ने इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

कागजों में चल रही नल-जल योजना

नवभारत न्यूज, मोहनगढ़।

जल जीवन मिशन के तहत नल से जल योजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित भले ही किया हो लेकिन जिले के मोहनगढ़ में लोगों के लिए नल से जल मिलना एक सपना बनकर रह गया है।

जिसकी शिकायत मोहनगढ़ सरपंच और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज कुमार जैन ने लिखित में मोहनगढ़ तहसील में आयोजित कलेक्टर की जनसुनवाई में की। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज कुमार जैन बताया कि में जल जीवन मिशन के तहत पांच वर्षों से काम चल रहा है जो अभी तक नहीं हो सका लोगों के लिए नल से जल मिलना एक सपना बनकर रह गया है यहां तक कि ठेकेदार के द्वारा मुख्य सड़कों को भी छति ग्रस्त कर दिया गया है, ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा जो पानी की टंकी निर्माण कार्य कराया गया उसने भारी भ्रष्टाचार किया गया बढ़ती हुई तेज धूप ग्रामीणों को सताने लगी है, यदि ऐसा चलता रहा तो गलियों में लोगों की मुसीबतें बाढ़ जाएगी। कलेक्टर ने फरवरी माह की अंत तक मोहनगढ़ में हर घर नल से जल पहुंचाने के निर्देश जिम्मेवारो को दिए हैं।

टीएल बैठक में जल जीवन मिशन की तहत नल से जल योजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया हो लेकिन जिले के मोहनगढ़ में लोगों के लिए नल से जल मिलना एक सपना बनकर रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया हो लेकिन जिले के मोहनगढ़ में लोगों के लिए नल से जल मिलना एक सपना बनकर रहे गया है।

खनिज विभाग ने अवैध परिवहन पर की प्रभावी कार्यवाही

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनिज परिवहन पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

इसीक्रम में जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम द्वारा टीकमगढ़ में आकस्मिक निरीक्षण एवं चेकिंग के दौरान गिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर देहात पुलिस थाना की अभिरक्षा में रखा गया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत के नेतृत्व में खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनिज परिवहन पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। दरअसल खनिज विभाग की कमान जबसे विपुल रावत ने संभाली है तभी से अवैध उत्खनन के खिलाफ रोजाना कार्यवाही की जा रही है। जिसके चलते अवैध उत्खनन करने वालों में हड़कंप देखने को मिल रहा है।

कृषि विकास योजना के तहत प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत दमक समाज सेवी संस्था जतारा वनगाय ग्रुप के किसानों को प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉक्टर आईडी सिंह ने किसानों को जैविक खेती करने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के स्टेट कोर्डिनेटर डॉ भूनेश्वर राय ने किसानों को जीवा अमृत, घन जीवा अमृत बनाने के बारे में बताया।

प्रशिक्षण सह बैठक में एईओ कृषि विभाग श्रीमति योगांशी आर्य, एव्हीएफओ पशुपालन विभाग अमर शर्मा, सचिव प्रमोद कुमार यादव, सरपंच बल्लू बंशकार, ब्लॉक कोर्डिनेटर जतारा ब्लॉक मंगल सिंह ठाकुर, ब्रजेश साहू वनगाय एलआरपी सहित किसान उपस्थित रहे। कृषि विकास योजना के अंतर्गत दमक समाज सेवी संस्था जतारा वनगाय ग्रुप के किसानों को प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉक्टर आईडी सिंह ने किसानों को जैविक खेती करने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। मंदिर ट्रस्ट के स्टेट कोर्डिनेटर डॉ भूनेश्वर राय ने किसानों को जीवा अमृत, घन जीवा अमृत बनाने के बारे में बताया।

संकल्प से समाधान अभियान में सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

ग्राम पंचायत दिगौड़ा में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व के अभिलेख सुधार के लिए एक साथ कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कोर्ट लगाकर आवेदनों का निराकरण किया गया। कलेक्टर संबंधित अधिकारियों के साथ आमजन से प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुये एक दिन में 77 अभिलेख सुधार के आवेदनों का निराकरण कराया।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार दिगौड़ा में राजस्व के प्रकरणों के त्वरित समाधान एवं निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कोर्ट लगाया गया, जिसमें राजस्व विभाग के प्राप्त 77 प्रकरणों में अंतिम आदेश पारित किये गये, सभी प्रकरणों में आवेदक के पक्ष में निर्णय हुआ। उल्लेखनीय है कि दिगौड़ा में कलेक्टर,एसडीएम,तहसीलदार न्यायालय में एक ही दिन में सुनवाई की गई, ये प्रकरण लगभग पिछले पांच वर्षों से लंबित थे।

प्रधान वैज्ञानिक ने फसलों का किया अवलोकन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ बी.एस. किरार वैज्ञानिक डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. एसके सिंह, डॉ. एसके. जाटव एवं जयपाल छिगारहा द्वारा विगत दिवस चना की फसल का कोडिया, पाण्ड्रेर, करमारई, आदि गांव में अवलोकन किया गया।

वर्तमान में चना फसल में फूल एवं फलियाँ आ रही हैं। इसी समय फसल में फली भेदक इल्ली हेलिकोवर्पा आर्मिजेरा के प्रकोप की संभावना ज्यादा रहती है। यह चने का प्रमुख कीट है। इसकी से उत्पादन में 20 से 30 प्रतिशत की हानि होती है। इस कीट की सुंडी फली में छेद करके अपना मुंह अंदर घुसाकर पूरा दाना खा जाती है एवं क्षतिग्रस्त फलियों में छिद्र दिखाई देने लगते हैं।

नपा की दुकानों के किराए में 10 प्रतिशत वृद्धि

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

नगर पालिका ने शहर में अपनी 1000 से अधिक दुकानों के किराए को लेकर चल रहे विवाद को सुलझा लिया है। गुरुवार को हुई विशेष बैठक में सभी की सहमति से निर्णय लिया गया कि नगर पालिका की सभी दुकानों के किराए में समान रूप से 10प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। इससे पहले ज्यादा किराया बढ़ाने के प्रस्ताव पर दुकानदारों और पार्षदों ने कड़ा विरोध जताया था।

नगर पालिका परिसर में हुई बैठक में अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया और सभी वार्डों के पार्षद शामिल हुए। दरअसल, पिछले करीब 20 वर्षों से इन दुकानों के किराए में कोई बदलाव नहीं हुआ था। लगभग एक महीने पहले प्रशासन ने लोकेशन के आधार पर किराए में बड़ी बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा था, जिसमें कुछ दुकानों का किराया सीधे 5 हजार रुपये तक बढ़ रहा था। इस भारी वृद्धि के खिलाफ दुकानदारों ने मोर्चा खोल दिया था और पार्षदों ने भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। दुकानदारों के आक्रोश और पार्षदों की मांग को देखते हुए परिषद ने अपना पिछला प्रस्ताव वापस ले लिया। सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने बताया कि अब शहर की सभी 1035 दुकानों पर एक समान फार्मूला लागू होगा और केवल 10प्रतिशत किराया ही बढ़ाया जाएगा। इस सर्वसम्मत निर्णय के बाद पिछले कई दिनों से चल रहे गतिरोध पर विराम लग गया है। इस फैसले को औपचारिक रूप से पारित कर लागू कर दिया गया है। नगर पालिका ने शहर में अपनी 1000 से अधिक दुकानों के किराए को लेकर चल रहे विवाद को सुलझा लिया है। गुरुवार को हुई विशेष बैठक में सभी की सहमति से निर्णय लिया गया कि नगर पालिका की सभी दुकानों के किराए में समान रूप से 10प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने पहुंच रहे लोग

15 फरवरी तक मातृधाम छिपरी में होंगे आयोजन

भागवत कथा को सुनने पहुंच रहे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

मात्रधाम छिपरी में सात दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन चल रहा है। यह उत्सव 9 से 15 फरवरी तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भागवत कथा श्रवण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने पहुंच रहे हैं।

समारोह संत श्री रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। बुधवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुंदेली कलाकार रवि अहिरवार ने शानदार बुंदेली भजनों और गीतों की प्रस्तुति दी इससे पहले दोपहर में वृंदावन धाम से आईं साध्वी पीतांबरा ने श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया। व्यासपीठ से कथा वाचक पीतांबरा दीदी ने अपने प्रवचनों में कहा कि भागवत हमें भगवान को बाहर ढूंढना नहीं सिखाती, बल्कि अपने भीतर झांकना सिखाती है। उन्होंने बताया कि जहां मन शुद्ध होता है, वहीं प्रभु का वास होता है। उनके प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन और धर्ममय जीवन की ओर प्रेरित किया। सायंकालीन बेला में रवि अहिरवार और उनकी टीम ने अहीर नृत्य का मंचन किया। बुंदेली गीतों ने समूचे पंडाल में उत्साह भर दिया। पारंपरिक वेशभूषा, लयबद्ध ताल और लोक संस्कृति से ओतप्रोत इस प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।महोत्सव के दौरान आज जितेंद्र कुमार चौरसिया अपनी टीम के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 13 फरवरी को कविता शर्मा अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी।इसके बाद 14 फरवरी को प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा भजनों की प्रस्तुति देंगे। महाशिवरात्रि के दिन, यानी 15 फरवरी को सुबह 6 बजे से शिवार्चन का आयोजन किया जाएगा। इसी शाम इंडियन आइडल फेम पवनदीप राजन अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे।

आज कविता शर्मा करेंगी कला का प्रदर्शन

आज शुक्रवार 13 फरवरी को कविता शर्मा अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। इसके बाद 14 फरवरी को प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा भजनों की प्रस्तुति देंगे। महाशिवरात्रि के दिन, यानी 15 फरवरी को सुबह 6 बजे से शिवार्चन का आयोजन किया जाएगा।

बैठक | बैठक में अधिकारियों ने किया विचार- विमर्श

14 मार्च को लगने वाली लोक अदालत की तैयारियां शुरू

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियांवयन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास, की अध्यक्षता में जिला न्यायालय, टीकमगढ़ के सभाकक्ष में जिला मुख्यालय न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगण को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा के दौरान कहा कि न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक शमनीय मामले, चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दावा अधिकरण संबंधी मामले, विद्युत विवाद के प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरण, भू-अधिग्रहण संबंधी प्रकरण एवं समस्त प्रकार के सिविल प्रकरणों के साथ-साथ बैंक रिकवरी, नगर पालिका, जलकर, विद्युत संबंधी प्रीलिटीगेशन प्रकरणों का भी अधिक से अधिक निराकरण किया जावे। साथ ही टैऊफिक्क चालान से संबंधित प्रकरणों के निराकरण करने के संबंध में निर्देश दिये गये। समस्त न्यायाधीशगण से नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले रैफर्ड प्रकरणों एवं निराकरण हेतु तैयारी प्रकरणों की जानकारी ली गई एवं नेषनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश अशरफ अली, जिला न्यायाधीश राजकुमार गुप्ता, एनके गुप्ता, प्रणयदीप ठाकुर, वरूण पुनासे, कमलेश भरकुंडिया, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट प्रियंक दुवे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती सुनीता गोयल सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफ ल क्रियांवयन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास, की अध्यक्षता में जिला न्यायालय, के सभाकक्ष में जिला मुख्यालय न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में इनकी रही मौजूदगी

बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय शमरोज खान, विशेष न्यायाधीश अशरफअली, जिला न्यायाधीश राजकुमार गुप्ता, एनके गुप्ता, प्रणयदीप ठाकुर, वरूण पुनासे, कमलेश भरकुंडिया, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट प्रियंक दुवे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती सुनीता गोयल सहित न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

सुबह से आसमान में छाए रहे बादल

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

गुरूवार की सुबह हल्के बादल छाए रहे, हालांकि धूप भी निकली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 30.02 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस मौसम में पहली बार 30 डिग्री के पार पहुंचा है। न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री रहा।

सोमवार के मुकाबले मंगलवार को अधिकतम तापमान में 1.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री था। दिन और रात के तापमान में हुई इस वृद्धि से लोगों को ठंड से राहत मिली है।मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 से 15 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

नाप-तौल के उपकरणों का सत्यापन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

आरएस बहायत प्रभारी विधिक माप विज्ञान अधिकारी नाप-तौल टीकमगढ़ एवं जॉच टीम में शामिल कार्यालय के मुख्य लिपिक खुशीलाल रैकवार एवं वृन्दावन अहिरवार, रामकृपाल शर्मा द्वारा ग्राम देरी, तहसील खरगापुर, जिला टीकमगढ़ में पुन: नाप-तौल उपकरणों के सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापारिक दुकानों में उपयोग हो रहे नाप तौल उपकरणों का सत्यापन कराने हेतु व्यापारियों को नोटिस जारी किये गये।

तदनुसार प्रमोद साहू पुत्र मनोहर साहू किराना दुकान देरी, विनोद असाटी पुत्र राम कुमार, वर्तन दुकान देरी, छिदू साहू पुत्र चतरे साहू, स्पेलर ग्राम देरी, रामसेवक साहू पुत्र झुल्ली साहू, स्पेलर चक्की ग्राम देरी, कूरेलाल साहू पुत्र हल्लू साहू, स्पेलर चक्की ग्राम देरी, महाकाल ट्रेडर्स प्रोप्राईटर अंकित असाटी पुत्र रमेश असाटी, लोहा दुकान देरी, वृजेश असाटी पुत्र रामकुमार असाटी, हार्डवेयर इलेक्ट्रिकल्स देरी, राकेश असाटी पुत्र रामकुमार असाटी, हार्डवेयर लोहा, ग्राम देरी, मदन साहू पुत्र चंद्र देव साहू, किराना दुकान देरी, जयप्रकाश साहू पुत्र छिदू साहू, किराना स्पेलर ग्राम देरी, संतोष असाटी पुत्र छोटेलाल असाटी, किराना दुकान देरी, हरिओम असाटी पुत्र महेश असाटी, इलेक्ट्रिकल्स देरी, सतेन्द्र असाटी पुत्र रामप्रकाश असाटी, किराना दुकान देरी, राजाराम असाटी पुत्र भूरेलाल असाटी, वर्तन दुकान देरी, दयाशंकर असाटी पुत्र बाबूलाल किराना दुकान देरी, अनिल सोनी पुत्र हरिदास सोनी, सर्राफ दुकान देरी को नोटिस जारी किये गये। व्यापारियों द्वारा नोटिस की अवहेल की अवहेलना करने पर एवं नाप-तौल उपकरणों का सत्यापन नहीं कराने पर नाप-तौल उपकरण जप्त करते हुये उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।